आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए समर्पित मोबाइल ऐप जारी किया।
- उप–राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश राज्य के मेडिकेयर बुनियादी ढांचे पर प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग की प्रस्तुति की समीक्षा की।
- दो दिवसीय किसान मेला आज से शुरू।
- तुर्की में यू सी आई ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप में भारतीय टीम ने पुरुष स्प्रिंट स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

<><><><><><><>

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए समर्पित मोबाइल ऐप जारी किया। यह सहज ज्ञान इंटरफ़ेस, सुगम डिज़ाइन और सरल नेविगेशन युक्त है, जिसमें आधार फेस सत्यापन के ज़रिए आसानी से पंजीकरण किया जा सकता है। उम्मीदवारों को नए अपडेट से अवगत रखने के लिए इसमें रीयल टाइम अलर्ट सहित कई सुविधाएं शामिल हैं। वित्त मंत्री ने रोज़गार, कौशल विकास और अवसरों को बढ़ावा देने की पांच योजनाओं के पैकेज प्रस्तुत करने में प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने उद्योग जगत से इस योजना में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया। कॉर्पोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि पी एम आई एस ऐप आरंभ होने से युवाओं के लिए इंटर्नशिप अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की घोषणा दो हजार चौबीस–पच्चीस के बजट में की गई थी। इसका लक्ष्य पांच वर्ष में शीर्ष पांच सौ कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। इस योजना की शुरुआत के रूप में युवाओं को एक लाख पच्चीस हज़ार इंटर्नशिप प्रदान करने के लक्ष्य के साथ पायलट परियोजना पिछले साल अक्टूबर में आरंभ की गई थी।

<><><><><><><>

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल राज निवास में मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार और स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हिमाचल प्रदेश राज्य के मेडिकेयर बुनियादी ढांचे पर अंडमान निकोबार प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग की प्रस्तुति की समीक्षा की। इस बैठक में द्वीपसमूह

के प्रतिनिधियों द्वारा किए गए क्षेत्रीय दौरे के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर की कार्यप्रणाली को बढ़ाने के लिए कार्य योजना और विशेषज्ञों की कमी को दूर करने के उपायों पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम मंत्रालय ने उद्योग विभाग के सहयोग से केंद्रीय क्षेत्र योजना 'एम एस एम ई प्रदर्शन को बढ़ाना और तेज करना' विषय के तहत प्रतिस्पर्धात्मकता समग्र कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य मंत्रालय की मौजूदा योजनाएं जैसे एम एस एम ई चैंपियंस योजना, राष्ट्रीय एस सी और एसटी हब योजनाओं के साथ आरएएमपी कार्यक्रम के तहत शुरू की गई नई पहल शामिल हैं। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एम एस एम ई, उद्योग संघों, केंद्र और राज्य सरकारों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने भाग लिया। इस अवसर पर एमएसएमई मंत्रालय के निदेशक विनम्र मिश्रा ने बताया कि समग्र जागरूकता कार्यशाला 'सरकार आपके द्वार' अभियान का एक हिस्सा है और मंत्रालय की पहल एमएसएमई को डिजिटल और तकनीकी समाधानों के माध्यम से सहायता प्रदान करने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। इसके अलावा, उन्होंने हैकथॉन के माध्यम से नए विचारों को बढ़ावा देने और बौद्धिक संपदा के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वीप एग्रो इको वॉक और किसान मेला दो हजार पच्चीस का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम आज सीपीघाट और गाराचरमा स्थित संस्थान में किया जाएगा, जहां कृषि और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण महलुओं पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि और कृषि, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सचिव पल्लवी सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। यह कार्यक्रम आज सुबह साढ़े आठ बजे शुरू होगा, जिसमें किसान, वैज्ञानिक और कृषि विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान जैविक कृषि, नई कृषि तकनीकों और सतत विकास के तरीकों पर चर्चा होगी। इस मौके पर क्यारी के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि इस किसान मेले में किसानों और विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां किसानों को एक ही जगह पर कई चीजों को जानने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

तुर्की में यूसीआई ट्रैक साइक्लिंग नेशंस कप में डेविड बेकहम, एसो अल्बान और रोजित सिंह की भारतीय तिकड़ी ने पुरुष टीम स्प्रिंट स्पर्धा में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है। भारतीय टीम ने चौवालीस दशमलव एक आठ सात सेकेंड का समय निकाला। उन्होंने पिछले साल एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में बनाए गए चौवालीस दशमलव चार पांच एक सेकेंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। भारतीय टीम हालांकि रैंकिंग में ग्यारहवें स्थान पर रही। ग्रेट ब्रिटेन ने बयालीस दशमलव शून्य छः शून्य सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

उधर, इंग्लैंड में कबड्डी विश्व कप में भारतीय पुरूष टीम ने इटली को चौंसठ–बाईस से हरा दिया है। आज भारतीय पुरुष टीम का मुकाबला स्कॅटलैंड से और महिला टीम का सामना वेल्स से होगा। विश्व कबड्डी द्वारा आयोजित दो हजार उन्नीस में पहले कबड्डी विश्व कप में भारत ने महिला और पुरूष वर्ग में खिताब जीते थे।

<><><><><><><>

इंडिया मास्टर्स ने वेस्टइंडीज मास्टर्स को छः विकेट से हराकर इंटरनेशनल मास्टर्स टी20 का खिताब जीत लिया है। फाइनल में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर एक सौ अड़तालीस रन बनाए। जवाब में इंडिया ने बीस गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। चौहत्तर रन बनाने वाले अंबाती रायडू को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

<><><><><><><>

ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान द्वीपसमूह की महिलाओं के लिए निशुल्क ब्यूटी पार्लर और सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। यह प्रशिक्षण बीस मार्च से शुरू होगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के तहत संचालित इस कार्यक्रम में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण का आयोजन मोहनपुरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर में किया जाएगा। इच्छुक महिलाएं इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे के बीच संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव के निर्देशानुसार सभी विभागों में तिमाही मॉक ड्रिल के अनुपालन के हिस्से के रूप में, आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से आज श्री विजयपुरम के ग्रामीण विकास और पंचायत निदेशालय में बनावटी अभ्यास का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, एन

डी आर एफ और बिजली विभाग शामिल हुए। अभ्यास के बाद डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसके दौरान सभी पर्यवेक्षकों ने अधिकारियों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने विभाग से सभी कर्मचारियों को बुनियादी जीवन रक्षक प्रशिक्षण प्रदान करने का भी आग्रह किया, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और वे आपात स्थिति के दौरान प्रभावी ढंग से सेवा प्रदान कर सकें।

**<><><><><><><>**

समाचार पत्रों की सुर्खियां

उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने हिमाचल प्रदेश के मेडिकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा द्वीपों में संभावित रूप से अपनाए जाने के लिए दी गई प्रस्तुति की समीक्षा के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। अखबार ने डीब्रेट में राज्य शिक्षण सप्ताह डैशबोर्ड के महत्व पर कार्यशाला के आयोजन के खबर को भी अपने पहले पन्ने पर जगह दी है। द्वीपसमूह में विद्युत वितरण नेटवर्क परियोजना के अंतर्गत श्री विजयपुरम में पांच सौ करोड़ से अधिक लागत के दो समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने स्वराज द्वीप में सी आर जेड के उल्लंघन के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। कमोर्टा द्वीप में खराब इंटरनेट सेवा के चलते आम जन–जीवन और व्यावसाय के प्रभावित होने के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने अपने पहले पन्ने के ऊपरी भाग में जगह दी है।

**<><><><><><><>**